# टी.सी.पी. कार्यक्रम अन्तर्गत क्षेत्रीय समन्वयकों की समीक्षा बैठक एवं एफ.सी.टी.सी. आर्टकिल 5.3 और एमपावर के कियान्वयन हेतु कार्ययोजना का निर्धारण

***********

दिनांक : 10 जुलाई 2018 स्थान – यू0पी0वी0एच0ए0 कार्यालय, लखनऊ।

दिनांक 10 जुलाई 2018 को यू0पी0वी0एच0ए0 कार्यालय, लखनऊ में तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अन्तर्गत क्षेत्रीय समन्वयकों की समीक्षा बैठक आहूत की गयी। बैठक में उपस्थिति निम्नवत् रही :

1. डा0 आलोक कुमार, राज्य नोडल अधिकारी, एन.टी.सी.पी., स्वास्थ्य भवन, लखनऊ
2. श्री सतीश त्रिपाठी, स्टेट कन्सल्टेन्ट, एन.टी.सी.पी., स्वास्थ्य भवन, लखनऊ
3. श्री विवेक अवस्थी, अधिशासी निदेशक/प्रोजेक्ट लीड
4. श्री जे.पी. सिंह, लेखाधिकारी
5. श्री श्रीराम पाण्डेय, प्रशासनिक सहायक
6. श्री सुरजीत सिंह, क्षेत्रीय समन्वयक
7. श्री दिलीप कुमार, क्षेत्रीय समन्वयक
8. श्री पुनीत कुमार श्रीवास्तव, क्षेत्रीय समन्वयक
9. सुश्री स्वेता सिंह, कार्यक्रम प्रबन्धक, यू0पी0वी0एच0ए0।
10. सुश्री अनन्या बनर्जी, कार्यक्रम प्रबन्धक, यू0पी0वी0एच0ए0।

बैठक में निम्नवत् चर्चा की गयी एवं सुझाव/निर्देश दिये गये तथा निर्णय भी लिये गये।

बैठक के आरम्भ में प्रोजेक्ट लीड श्री विवेक अवस्थी द्वारा बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत् किया गया एवं बैठक के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला गया तथा बैठक के एजेण्डा पर चर्चा की गयी।

प्रोजेक्ट लीड श्री विवेक अवस्थी द्वारा विगत् बैठक की कार्यवाही पर चर्चा करते हुए उसके अनुपालन स्थिति से अवगत् कराया गया। इसके पश्चात् तीनों क्षेत्रीय समन्यकों द्वारा अब तक की प्रगति पर प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रस्तुतिकरण किया गयां। प्रस्तुतिकरण के समय अब तक किये गये कार्यो की प्रगति देखकर राज्य नोडल अधिकारी डा0 आलोक कुमार व सलाहकार श्री सतीश त्रिपाठी जी द्वारा कार्यक्रम के उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु समयबद्ध कार्ययोजना निर्माण कराया गया व आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये।

पुनीत श्रीवास्तव द्वारा "Tobacco Monitor App" के माध्यम से COTPA के उल्लंघन होते पाये जाने पर कम्प्लेन करने का तरीका मोबाइल के माध्यम से डाउन करके बताया गया एवं अवगत् कराया गया फतेहपुर व राय बरेली में कार्यक्रमों के दौरान टोबैको मानिटर ऐप का उपयोग करने बताया गया। इसके पश्चात् बताया गया कि जिलाधिकारी महोदय फ़तेहपुर के निर्देशानुसार डी.टी.सी.सी. के समन्वय से बड़ी होडिंग डिजाइन कर अलग–अलग स्थानों पर प्रचार हेतु लगाई गयी है। प्रोजेक्ट लीड द्वारा सभी आर.सी. को कहा गया लक्ष्य निर्धारित करते हुए प्रत्येक जनपद के बैठकों में मानीटर ऐप का प्रशिक्षण देना सुनिश्चित करें।

प्रोजेक्ट लीड द्वारा चर्चा की गयी कि यू0पी0वी0एच0ए0 द्वारा विकसित टोबैको मानीटर ऐप को राज्य तम्बाकू नियत्रण प्रकोष्ठ द्वारा अंगीकृत किया गया है परन्तु इस हेतु हमारे द्वारा जिले स्तर पर होने वाली बैठकों में प्रतिभागियों को प्रशिक्षण देकर प्रमोशन नहीं किया जा रहा है।

उपरोक्त के पश्चात् प्रोजेक्ट लीड श्री विवेक अवस्थी द्वारा क्षेत्रीय समन्वयक को निम्नवत् दिशा–निर्देश एवं सुझाव दिये गये।

1. परियोजना पूर्व मैपिंग रिपोर्ट एक सप्ताह के अन्दर सभी आर.सी. ईमेल के माध्यम से उपलब्ध करायें।

Scanned by CamScanner

2. नये जिलों में डी.टी.सी.सी. गठन का नोटिफिकेशन दो सप्ताह के अन्दर सभी आर.सी. ईमेल के माध्यम से उपलब्ध करायें।

3. टोबैको इण्डस्ट्रीज की मैपिंग हेतु आर.टी.आई. के माध्यम से वाणिज्य कर विभाग से जानकारी प्राप्त कर लें।

4. अपने–अपने क्षेत्रों में टोबैको इण्डस्ट्री का मैपिंग कर 2 सप्ताह में उपलब्ध करायें।

5. सभी एक्टीविटी (बजटेड, नान बजटेड, अन्य के साथ) कितनी किस तिथि में कहाँ सम्पन्न हुई, कितनी इस माह प्लान हैं, कितनी अवशेष बचेंगी से सम्बन्धित सूचनाओं को एक नये फार्मेट में दर्शाते हुए तीन दिन के अन्दर उपलब्ध करायें।

6. सुझाव दिया गया कि सभी विभागों में विभागाध्यक्ष को पत्र लिखकर अनुरोध करें कि उनकी होने वाली समीक्षा बैठकों में वे आपको प्रतिभाग कर कुछ समय उपस्थित प्रतिभागियों को टोबैको से होने वाली क्षति के बारे में संवेदित करने हेतु दे सकें। (विभाग को लिखे गये पत्र की छाया प्रति ईमेल के माध्यम से यू0पी0वी0एच0ए0 कार्यालय को भी प्रेषित करें।)

7. सभी आर.सी. कमिश्नरी में भी पत्र लिखकर अनुरोध करें कि उनकी होने वाली समीक्षा बैठकों में वे अपने एजेण्डा में एक बिन्दु टोबैको पर चर्चा करने हेतु अंकित करें एवं आपको प्रतिभाग कर कुछ समय उपस्थित प्रतिभागियों को टोबैको से होने वाली क्षति के बारे में संवेदित करने हेतु दे सकें। (विभाग को लिखे गये पत्र की छाया प्रति ईमेल के माध्यम से यू0पी0वी0एच0ए0 कार्यालय को भी प्रेषित करें।)

8. जिन जनपदों में स्क्वायड कमेटी नहीं बनी हो, वहाँ की सूची बना लें व अगले दो माह में गठित करायें। जिन जनपदों में स्क्वायड कमेटी सिथिल पड़ी हैं उन्हें कियाशील करें।

9. सभी जनपदों में जिला स्तरीय उप जिला स्तरीय कमेटी के सचल दल में गठन व इन्फोर्समेंट प्लान के निर्माण की कार्यवाही डी.टी.सी.सी. के साथ मिलकर पूर्ण करते हुए कमेटी के नोटिफिकेशन राज्य कार्यालय को प्रेषित करने हेतु कहा गया। क्षेत्रीय समन्वयक इस हेतु समय सीमा निर्धारित कर कार्य करेंगे।

10. प्रोजेक्ट लीड द्वारा कहा गया कि जनपद स्तर पर सरकारी प्रशिक्षण संस्थानों, डाइट, लेखपाल प्रशिक्षण केन्द्रों, नर्स प्रशिक्षण केन्द्रों की जानकारी प्राप्त करते हुए डी.टी.सी.सी. के साथ मिलकर दो माह के भीतर सभी केन्द्रों पर तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम हेतु संवेदीकरण कार्य कराना सुनिश्चित करें।

11. पुनीत श्रीवास्तव से अपेक्षा की गयी कि वह एक सप्ताह में ही रायबरेली से बेसलाइन सर्वे का आर्डर निकलवाकर उसकी छाया प्रति अन्य आर.सी. व कार्यालय को प्रेषित करें।

12. सभी आर.सी. को नये चयनित 15 परियोजना जिलों में मीडिया वर्कशाप करने हेतु कहा गया यह निश्चित किया गया कि आर.सी. प्रत्येक माह हेतु कुल लक्ष्य निर्धारित कर स्टेट को भेजेंगे एवं उस अनुसार कार्य करेंगे। माह के अन्त में लक्ष्य के सापेक्ष उपलब्धी पर समीक्षा की जायेगी।

13. कार्यक्रमों के समयबद्ध आयोजन हेतु कार्ययोजना निर्माण–प्रपत्र बनाकर सभी को प्रेषित करने हेतु प्रोजेक्ट लीड द्वारा आश्वासन दिया गया।

14- प्रोजेक्ट लीड द्वारा कहा गया कि राज्य स्तर पर विभिन्न विभागाध्यक्षों तथा स्वास्थ्य, शिक्षा, पंचायती राज, बाल विकास पर्यटन, परिवहन व पुलिस विभाग द्वारा सर्कुलर व आदेश जारी किये जा रहे हैं परन्तु उनके अनुपालन में जिला स्तर पर समन्वय व आदेश जारी नहीं कराये जा रहे हैं। रायबरेली, अम्बेडकरनगर, सुल्तानपुर व फतेहपुर में ही मात्र बी.एस.ए. व पंचायती राज द्वारा पत्र जारी किये गये हैं। ऐसी स्थिति में ऐसा प्रतीत होता है कि क्षेत्रीय समन्वयक का जिला स्तर पर विभागों के साथ समन्वय ठीक से नहीं हो पा रहा है। अतः निर्देशित किया गया कि अगले एक माह में सभी जनपदों में फालोअप–पत्र जारी कराकर उसकी प्रति उपलब्ध करायें।

15- क्षेत्रीय समन्वयकों को सुझाव दिया गया कि वह यह सुनिश्चित करें कि गठित डी.सी.सी. में यू0पी0वी0एच0ए0 अथवा सहयोगी संस्था अथवा दोनो सदस्य हों। यदि अब तक नही हैं तो प्रयास कर दो माह में जोड़ें व सम्बन्धित आदेश की प्रति यू0पी0वी0एच0ए0 लखनऊ कार्यालय को साझा करें।

16. प्रोजेक्ट लीड द्वारा कहा गया कि जिला स्तर पर विभागों की समीक्षा बैठकों में तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम की पहुँच आशानुरूप नहीं है, इस हेतु सभी क्षेत्रीय समन्वयक अपने अधीनस्थ जिलों में पंचायती राज, परिवहन, बेसिक शिक्षा,

Scanned by CamScanner

माध्यमिक शिक्षा, विकास विभाग, पुलिस, नगर पालिका में होने वाली बैठकों की दिनांक की जानकारी प्राप्त करते हुए इस माह के अन्त तक कार्यालय को सूचित करें व प्रतिभाग सुनिश्चित करें।

एलो लाइन कैम्पेन :

- सुरजीत सिंह द्वारा कहा गया कि स्कूल कार्यक्रम अन्तर्गत Yellow Line Campaign चलाने के लिए आई.ई.सी. का बजट उपयोग हेतु एस.टी.सी.सी. स्तर से पत्र जारी होने से कार्यक्रम को सुचारू रूप से चलाने में सहयोग मिलेगा।
- डा0 आलोक कुमार स्टेट नोडल अधिकारी महोदय द्वारा आश्वासन दिया गया कि इस हेतु शीघ्र ही हमारा एक पत्र समस्त जनपदों को जारी किया जायेगा। साथ ही यह भी अवगत् कराया गया कि स्वास्थ्य सचिव महोदय द्वारा दिनांक 5 जुलाई 2018 को समीक्षा बैठक में सभी स्वास्थ्य प्रतिष्ठानों में एलो लाइन कैम्पेन चलाने हेतु निर्देश दिये गये हैं।
- डा0 आलोक कुमार स्टेट नोडल अधिकारी द्वारा बताया गया कि यह कैम्पेन प्रदेश के सभी अर्थात लगभग दो लाख साथ हजार स्कूलों में चलाया जाना है। अतः अपेक्षा की गयी कि इस हेतु यू0पी0वी0एच0ए0 कैम्पेन के संचालन व रिपोर्टिंग में अपेक्षित सहयोग प्रदान करें।
- प्रोजेक्ट लीड द्वारा अवगत् कराया गया कि Yellow line campaign हेतु यू0पी0वी0एच0ए0 द्वारा 10 स्टेन्सिल तैयार कराकर एक सप्ताह के अन्दर 10 जनपदों को उपलब्ध करायी जायेगी।
- श्री सतीश त्रिपाठी, स्टेट कन्सल्टेन्ट द्वारा सुझाव दिया गया कि यू0पी0वी0एच0ए0 लखनऊ में विभिन्न सरकारी, राज्य स्तरीय, मण्डल स्तरीय कार्यालयों में Yellow Line Campaign आयोजित करने में सहयोग दिया जाये।
- आप द्वारा बताया गया कि इस हेतु उच्च, माध्यमिक व बेसिक शिक्षा निदेशक स्तर से सर्कुलर शीघ्र जारी कराकर सभी जनपदों को प्रेषित कराया जायेगा।

उपरोक्त चर्चा उपरान्त डा0 आलोक कुमार, स्टेट नोडल अधिकारी व स्टेट कन्सल्टेन्ट श्री सतीश त्रिपाठी द्वारा सुझाव दिया गया कि :

- परियोजना लीड द्वारा अवगत् कराये जाने पर कि Comprehensive Strategies Compliant with FCTC Article 5.3 and MPOWER परियोजना अधीन वर्णित बजटेड व नान बजटेड गतिविधियों को एन.टी.सी.पी. के डिस्ट्रिक बजट से करने का प्रयास किया जा रहा है। इस पर एस.एन.ओ. महोदय द्वारा सुझाव दिया गया कि एन.टी.सी.पी. के वार्षिक बजट की प्रति प्राप्त कर लें जिससे जिससे गतिविधियों के समन्वय में सुगमता रहेगी। जिस एक्टीविटी का बजट उस में हो उस एक्टीविटी को डी.टी.सी.सी. में सम्पर्क कर उस बजट से कराने हेतु प्रयास करें।
- डा0 आलोक कुमार द्वारा सेक्शन ए–4 के साथ–साथ सेक्शन 6ए व 6बी पर चालानिंग कराने हेतु फोकस करने का सुझाव दिया गया एवं कहा गया कि प्रत्येक जनपद में जे.जे. एक्ट व सेक्शन 5 व 7 अन्तर्गत भी चालान कराये जायें।
- श्री सतीश त्रिपाठी द्वारा सुझाव दिया कि सभी जिलों में स्क्वायड बनाया गया है परन्तु कुछ जनपदों में वे सक्रिय नहीं हैं, उन्हें सक्रिय कराने हेतु प्रयास करें।
- श्री सतीश त्रिपाठी द्वारा बताया गया कि डी.जी.पी. स्तर के प्रत्येक जनपद में तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम हेतु नोडल अधिकारी नामित किया गया है। वर्तमान में डी.जी.पी. द्वारा टोबैको कार्यक्रम यदि कहीं नाम छूटा हो तो वहाँ एस.पी. से सम्पर्क कर नामित करा लेवें।
- क्षेत्रीय समन्यकों को सुझाव दिया गया कि जनपद स्तर पर एन.आई.सी. की वेबसाइट पर एन.टी.सी.पी. आधीन जिला स्तर पर जारी किये गये पत्रों को समन्वय बनाकर एक माह के भीतर अपलोड करावें।
- स्टेट नोडल अधिकारी महोदय द्वारा बताया गया, कि इस बार 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एक माह फ्री फाम टोबैको कैम्पेन चलाने का निर्णय लिया गया है। इससे सम्बन्धित आदेश पत्र एलो लाइन कैम्पेन के साथ जोड़ते हुए समस्त जनपदों में चलाने जाने हेतु भेजा जायेगा तथा 15 अगस्त पर झण्डा रोहण के दौरान उपस्थित सदस्यों को

Scanned by CamScanner

तम्बाकू का सेवन न करने हेतु शपथ–ग्रहण भी कराया जायेगा। इस हेतु यू0पी0वी0एच0ए0 शपथ–पत्र व बैनर का डिजाइन तैयार करने व कार्यक्रमों के आयोजन हेतु सहयोग करेगा।

- राज्य नोडल अधिकारी महोदय द्वारा सुझाव दिया कि आपके परियोजना अधिनस्त जनपदों में एनोवेटिव कार्य किये जायं तो उसकी रिपोर्ट फोटोग्राफ अथवा न्यूज क्लीपिंग सहित अवश्य उपलब्ध करायी जाय।
- उपरोक्त के पश्चात् स्टेट कन्सल्टेन्ट श्री सतीश त्रिपाठी जी द्वारा कहा गया कि टोबैको मॉनिटर ऐप के प्रमोशन के साथ टोल फ्री नम्बर 1800112356 पर डायल कर तम्बाकू छोड़ने हेतु लोगों को जागरूक करें। आप द्वारा सुझाव दिया गया कि कमिश्नर स्तर पर समीक्षा बैठकों में तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम की समीक्षा करावें तथा इसको लक्ष्य व समय सीमा निर्धारित करते हुए करें।
- प्रोजेक्ट लीड द्वारा अवगत् कराया गया कि वार्ता के कम में यू0पी0वी0एच0ए0 द्वारा तम्बाकू विक्रेताओं को जारी किया जाने वाला नोटिस का प्रारूप बनाकर दिया गया था जिसको राज्य तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ द्वारा सभी जनपदों में जिला तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ को भेजा गया है। क्षेत्रीय समन्वय उक्त नोटिस को तम्बाकू बिक्रेताओं को देने में जिला तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ का सहयोग करें। इस हेतु कार्ययोजना में प्रत्येक माह लक्ष्य निर्धारित करें।
- प्रोजेक्ट लीड द्वारा अवगत् कराया गया कि डी.जी. हेल्थ द्वारा जारी निर्देशों के कम में आठ जनपदों– रामपुर, बरेली, मुरादाबाद, फैजाबाद, अम्बेडकरनगर, फरूखाबाद, फतेहपुर व रायबरेली को तम्बाकू मुक्त किए जाने हेतु जिलाधिकारी स्तर के आदेश निर्गत किए जा चुके हैं तथा इस पर और अधिक बल के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। इस पर राज्य नोडल अधिकारी महोदय ने कहा कि इस पर रणनीति बनाकर कार्य करें। सबसे पहले सभी सरकारी प्रतिष्ठानों की सूची प्राप्त कर लें। तदनुसार स्वास्थ्य, शिक्षा व अन्य सरकारी कार्यालयों को तम्बाकू मुक्त करने का लक्ष्य लेकर चलें। कोटपा कम्प्लायन्स कराकर कार्यालय प्रमुख से प्रमाण–पत्र भी प्राप्त करें। जब 80 प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण कर लें तब जिले पर सरकारी प्रतिष्ठान मुक्त की घोषणा जिलाधिकारी स्तर से कराने व जनपद को तम्बाकू मुक्त करने हेतु रणनीति बनाकर चलें।

इसके पश्चात् क्षेत्रीय समन्वयकों के साथ निश्चित किया गया कि माह सितम्बर 2018 तक निम्नंवत् जिलों के समस्त सरकारी कार्यालयों को तम्बाकू मुक्त कराने हेतु लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करें।

श्री विवेक अवस्थी – फरूखाबाद और बाराबंकी
श्री दिलीप पाण्डेय – बस्ती, अम्बेडकरनगर और फैजाबाद
श्री सुरजीत सिंह – बरेली, रामपुर और मुरादाबाद
श्री पुनीत श्रीवास्तव– रायबरेली, फतेहपुर और जालौन

प्रोजेक्ट लीड द्वारा कहा गया कि क्षेत्रीय समन्वयक उपरोक्त सभी बिन्दुओं पर लक्ष्य निर्धारण व समय सीमा निर्धारित करते हुए दो दिन के भीतर उपलब्ध करायें।

उपरोक्त के पश्चात् लेखाधिकारी श्री जे.पी. सिंह द्वारा लेखा व बिल–वाउचर्स सम्बन्धी आवश्यक सुझाव दिये गये।

बैठक के अन्त में प्रोजेक्ट लीड द्वारा बैठक में उपस्थित राज्य नोडल अधिकारी महोदय एवं राज्य सलाहकार महोदय को अमूल्य समय, सुझाव व सहयोग देने हेतु आभार व्यक्त करते हुए सभी को धन्यवाद दिया गया।

| | | |
|---|---|---|
| प्रोजेक्ट लीड<br>टी.सी.पी., यू0पी0वी0एच0ए0। | स्टेट कन्सल्टेन्ट<br>एन.टी.सी.पी., लखनऊ<br>सतीश त्रिपाठी<br>राज्य सलाहकार<br>राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम<br>स्वास्थ भवन लखनऊ | राज्य नोडल अधिकारी<br>एन.टी.सी.पी., लखनऊ<br>राज्य कार्यक्रम अधिकारी/संयुक्त निदेशक (स्वास्थ)<br>राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम, उ0 प्र0। |

Scanned by CamScanner